कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

प्रेस समाचार–शिक्षक दिवस   दिनांक 05सितम्बर 2023

दिनांक 05/09/23 को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् तथा दार्शनिक डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों द्वारा अपने – अपने अनुभव एवं विचारों को साझा किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री संजय कुमार गंगवार ने अपने समस्त गुरूजनों का आभार प्रकट करते हुए छात्र/छात्राओं को जीवन पर्यन्त सीखने और भविष्य को संवारने के बारे में जागरुक किया। डॉ0 संजय कुमार ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने शिक्षकों का आदर करने व भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने को प्रेरित किया। डॉ0 रंजना सिंह अपने विद्यार्थी जीवन की चर्चा करते हुए गुरूजनों के महत्व एवं आशीर्वाद के विषय में उदाहरण प्रस्तुत किये। डॉ0 रेखा मेहता ने माँ को प्रथम गुरू बताते हुए जीवन भर अपने माता पिता का सम्मान करने की बात की। डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता ने अपने सभी गुरूजनों को नमन करते हुए शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आचार्य चाणक्य व चन्द्रगुप्त एवं एकलव्य के उदाहरण से छात्र/छात्राओं को प्रेरित किया साथ ही स्वरचित कविता के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य एवं प्रोफेसर डॉ0 अजिता दीक्षित ने शिक्षक दिवस पर छात्र/छात्राओं को अपने विचारों से प्रेरित करते हुए महाविद्यालय के समस्त शिक्षक/कार्मिकों/विद्यार्थियों/पुरातन विद्यार्थियों की सराहना व प्रशंसा की तथा महाविद्यालय को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं में देवेन्द्र सिंह नेगी, चांदनी बोहरा, आशा नेगी, भागीरथी, किरन भट्ट, मीरा बोहरा, मौसमी बोहरा, अंकिता बोहरा आदि ने शिक्षक दिवस विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अतुल कुमार मिश्र ने डॉ0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन के बारे में विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया व सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश कन्याल, श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल एवं दिनेश रावत ने सहयोग किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी



प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)